समाचार

# स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों को दें अंतिम रूप, व्यवस्थाओं को करें चुस्त दुरूस्त – आयुक्त

## स्वच्छ सर्वेक्षण का हो रहा आगाज, आयुक्त ने की तैयारियों की समीक्षा

## (शहर में चलेगी 25 जनवरी से मेगा स्वच्छता ड्राईव, वार्ड, बस्तियों, गली, मोहल्लों में चलेगा स्वच्छता का महाअभियान)



कोरबा 24 जनवरी 2025 – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने आज निगम के जोन कमिश्नरों व अन्य अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2024–25 के संबंध में नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा की जा रही तैयारियों को अंतिम रूप दें, निर्धारित टूलकिट के अनुसार व्यवस्थाओं को चुस्त दुरूस्त करें। शहर की साफ–सफाई एवं स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता पर फोकस करते हुए शहर के वार्ड, बस्तियों, गली मोहल्लों में मेगा स्वच्छता ड्राईव 25 जनवरी से संचालित कराएं तथा एक्शन मोड पर स्वच्छता कार्यो का संपादन कराते हुए पूरे शहर की सम्पूर्ण साफ–सफाई सुनिश्चित कराएं।

देश प्रदेश के अन्य शहरों के साथ–साथ कोरबा में भी स्वच्छ सर्वेक्षण 2024–25 का आगाज होने जा रहा है। आज आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने निगम के जोन कमिश्नरों, स्वच्छता अधिकारियों की बैठक लेकर निगम द्वारा की जा रही स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों की बिन्दुवार समीक्षा की तथा तैयारियों को अंतिम रूप देने, व्यवस्थाओं को चुस्त दुरूस्त करने तथा निगम के वार्ड व बस्तियों में मेगा स्वच्छता ड्राईव चलाए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा है कि सार्वजनिक स्थानों पर पर्याप्त मात्रा में डस्टबिन रखवाएं तथा लोगों को जागरूक व प्रेरित करें कि वे कचरे को डस्टबिन में ही डालें। डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण कार्य में कसावट लाएं तथा यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक घर, दुकान से कचरे का संग्रहण अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होने वाटरबाडी, मुक्तिधाम, सड़क किनारे की दीवालों, डिवाईडर, फुटपाथ आदि में स्वच्छता पर्यावरण का संदेश

देती आकर्षक पेटिंग व पोताई का कार्य करें, साथ ही तालाबों एवं अन्य वाटरबाडी की साफ–सफाई सौदर्यीकरण, से जुड़े कार्यो पर फोकस करें।

**स्वच्छता का महाअभियान संचालित करें** – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शनिवार 25 जनवरी से स्वच्छता का महाअभियान संचालित कराएं, उपलब्ध सभी संसाधनों का उपयोग करें, माईक्रोप्लानिंग के तहत एक्शन मोड पर साफ–सफाई का कार्य कराएं, निगम क्षेत्र की एक–एक गली, एक–एक मोहल्ला, बस्ती व वार्ड में स्वच्छता का अभियान चले, नालियों की सतह से सफाई, कचरे का त्वरित उठाव, सड़क किनारे स्थित बर्म की सफाई, वृक्षों की ट्रीमिंग आदि का कार्य करते हुए पूरे शहर की सम्पूर्ण सफाई किया जाना सुनिश्चित करें।

**स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता एवं जनसहभागिता** – आयुक्त श्री पाण्डेय ने कहा कि शहर की स्वच्छता व साफ–सफाई के प्रति जनजागरूकता लाने एवं उनकी जनभागीदारी प्राप्त करने के लिए विभिन्न दृश्य–श्रव्य माध्यमों, नुक्कड नाटकों, शुभंकर के प्रदर्शन तथा अन्य विभिन्न गतिविधियों का संचालन कर स्वच्छता का संदेश आमजन तक पहुंचायें। लोगों को जागरूक करें कि वे सूखे व गीले कचरे हेतु पृथक–पृथक डस्टबिन घरों व दुकानों में रखें तथा डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण हेतु आने वाली स्वच्छता दीदियों के वाहन में ही पृथक–पृथक कचरे को दें, उन्हें समझाईश दें कि वे कचरे को सड़क, नाली व सार्वजनिक स्थानों पर कदापि न डालें, शहर को साफ–सुथरा रखने व निगम के सफाई कार्यो में सहयोग दें।

**प्रत्येक वार्ड में 3–आर सेंटर स्थापित करें** – आयुक्त श्री पाण्डेय ने कहा कि अपशिष्ट के स्त्रोत स्थल के आसपास ही कचरे का समुचित प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए निगम के प्रत्येक वार्ड में 3–आर सेंटर स्थापित कराएं तथा इसके माध्यम से रिड्यूज–रियूज–रिसाईकल योग्य अपशिष्ट का उक्तानुसार समापन कर अपशिष्ट का बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करें। एस.एल.आर.एम. सेंटरों एवं अन्य विभिन्न स्थानों में इन्सीनेटर स्थापित कराएं ताकि अनुपयोगी प्लास्टिक अपशिष्ट का उचित प्रबंधन किया जा सके।

**व्यवसायिक क्षेत्रों में नाईट स्वीपिंग व्यवस्था** – आयुक्त श्री पाण्डेय ने स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि शहर के व्यवसायिक क्षेत्रों में संचालित की जा रही नाईट स्वीपिंग की व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाएं, सभी व्यवसायीबंधुओं को यह जानकारी रहें कि उनके व्यवसाय स्थल पर निगम द्वारा नाईट स्वीपिंग की जा रही है, व्यवसायियों को प्रेरित करें कि वे दुकानों व प्रतिष्ठानों से दिनभर में उत्सर्जित अपशिष्ट को एकत्रित कर दुकान के सामने व्यवस्थित रूप से रख दें ताकि नाईट स्वीपिंग के दौरान उक्त अपशिष्ट का सुगमता से संग्रहण एवं परिवहन किया जा सके। उन्होने निर्देशित किया कि रात्रि 08 बजे से नाईट स्वीपिंग का कार्य प्रतिदिन प्रारंभ किया जाए।

**सी.टी.पी.टी. एवं वाटरबाडी में व्यवस्थाएं बनाएं** – आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों से कहा कि निगम क्षेत्र में स्थित सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों की स्वच्छता पर विशेष फोकस करें, वहॉ निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराएं तथा वहॉ पर मिलने वाली सुविधाओं को प्रदर्शित करते हुए बोर्ड स्थापित करें। उन्होने कहा कि निगम क्षेत्र में स्थित वाटरबाडी की साफ–सफाई कराएं, उनका सौदर्यीकरण करें, लोग उक्त वाटरबाडी में कचरा न डालें, यदि उनके द्वारा कचरा डाला जाता है तो इस पर लगने वाले अर्थदण्ड की जानकारी तथा स्वच्छता संबंधी विभिन्न संदेशों को प्रदर्शित करने वाला बोर्ड वाटरबाडी स्थल पर लगाएं।

**स्कूलों का निरीक्षण कर स्वच्छता का जायजा लें** – आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों से कहा कि वे विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण कर वहॉ की स्वच्छता का जायजा लें तथा यह देखें कि महिला व पुरूष हेतु पृथक–पृथक शौचालयों की व्यवस्था की गई है या नहीं। इसी प्रकार गीले व सूखे कचरे के लिए पृथक–पृथक डस्टबिन रखा गया है या नहीं, साथ ही यह देंखे कि विद्यालय प्रबंधन द्वारा स्वच्छता मानकों का पालन किया जा रहा है या नहीं।

**सार्व. एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों में हो मानक स्तर की स्वच्छता व्यवस्था** – आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम के अधिकारियों से कहा कि निगम क्षेत्र में स्थित सार्व.एवं औद्योगिक प्रतिष्ठान यथा एनटीपीसी, बालको, सीएसईबी, एसईसीएल ये सभी वल्क वेस्ट जनरेटर हैं, प्रतिष्ठानों के क्षेत्र में डोर–टू–डोर अपशिष्ट की समुचित व्यवस्था है या नहीं, कचरे का उचित प्रबंधन किया जा रहा है या नहीं तथा वहॉ की स्वच्छता व्यवस्था मानकों के अनुरूप संचालित की जा रही है या नहीं, इस पर भी नजर रखें तथा उन्हें अपने क्षेत्रों में बेहतर सफाई व्यवस्था बनाने व डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण कार्य में कसावट लाने, कचरे का समुचित प्रबंधन करने हेतु दिशा निर्देश दें।